दिन– रविवार दिनांक– 15 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों की पहचान के लिए डीएनए मिलान प्रक्रिया जारी। उन्नीस डीएनए नमूनों का मिलान किया जा चुका है।

02. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार दस प्रतिशत वोटिंग बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

03. प्रदेश के सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद का आज अंतिम दिन।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना जतायी। इस दौरान आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका।

---

गुजरात के अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के पीड़ितों की पहचान के लिए डीएनए मिलान प्रक्रिया जारी है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा है कि कल रात नौ बजे तक उन्नीस डीएनए नमूनों का मिलान किया जा चुका है। फोरेंसिक टीमें रात भर डीएनए नमूनों का मिलान करने में लगी रहीं। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दिवंगत गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार राजकोट में किया जाएगा। अंतिम संस्कार की तिथि डीएनए परीक्षण के परिणाम के बाद तय की जाएगी। इस बीच, मृतकों के परिवारों की सुविधा के लिए सिविल अस्पताल में व्यापक व्यवस्था की गई है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर राकेश जोशी ने कहा कि प्रत्येक पीड़ित के लिए एक अलग टीम आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क एम्बुलेंस भी उपलब्ध कराई जा रही है।

---

निर्वाचन आयोग ने इस वर्ष होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में दस प्रतिशत तक वोटिंग बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आयोग ने कहा है कि चुनाव में राष्ट्रीय औसत के बराबर वोटिंग कराने को लेकर मतदाता जागरूकता के लिए अभियान चलायो जायेगा। आयोग के सहायक निदेशक अपूर्व कुमार सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव में तेईस प्रकार की नई पहल को लागू करने का फैसला किया गया है। इससे मतदाताओं को काफी सुविधा होगी, मतदान प्रतिशत में सुधार होगा और अधिक जवाबदेही लाने में मदद मिलेगी। श्री सिंह पटना में सरकार की विभिन्न मीडिया

इकाईयों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता अभियान के नये संस्करण 2.0 में कई तकनीकी पहल और सोशल मीडिया के व्यापक प्रयोग देखने को मिलेंगे।

–––बाइट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के अठारह अधिकारियों को तबादला कर दिया है। इनमें पटना, जहानाबाद, जमुई, पूर्णिया, समस्तीपुर और सुपौल के पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं। कार्तिकेय के. शर्मा पटना के नये वरीय पुलिस अधीक्षक होंगे। उन्होंने अवकाश कुमार का स्थान लिया है, जिनका तबादला बीएमपी– वन में समादेष्टा के पद पर किया गया है। स्वीटी सहरावत को पूर्णिया का, अरविन्द प्रताप सिंह को समस्तीपुर और शरथ आर. एस. को सुपौल का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा विनीत कुमार जहानाबाद के और विश्वजीत दयाल जमुई के नये एसपी बनाए गए हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य के पांच सौ चौंतीस प्रखंडों में स्कूली छात्रों के लिए आवासीय कोचिंग सेन्टर खोले जायेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने कहा कि इन सेंटरों में सरकारी स्कूलों के छात्र–छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जायेगी। इनमें मेडिकल, इंजीनियरिंग, रेलवे, बैंकिंग और पुलिस सेवा से संबंधित परीक्षाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की नियुक्ति इन कोचिंग सेंटरों में की जायेगी। शिक्षा की बात हर शनिवार कार्यक्रम में विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि सभी बच्चों की अब बायोमेट्रिक हाजिरी होगी।

–––बाइट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में आज आधी रात के बाद से पन्द्रह अक्टूबर तक बालू खनन बंद कर दिया जायेगा। खान और भू–तत्व विभाग की ओर से इस अवधि में निर्माण कार्यों के लिए बालू के भंडारण की व्यवस्था की गई है। कल से ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से लोडिंग स्थलों पर भंडारित बालू की मात्रा का मापन किया जायेगा। इसके बाद बालू की बिक्री शुरू होगी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देश पर हर साल मॉनसून अवधि के दौरान जलीय जीवों की सुरक्षा के लिए नदियों में खनन कार्य बंद कर दिया जाता है।

---

नगर विकास और आवास मंत्री जीवेश कुमार ने कहा है कि मॉनसूनी बारिश शुरू होने से पहले विभिन्न नगर निकायों में जल–जमाव दूर करने वाली योजनाओं को शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने बूडको की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को तीस जून तक जल–जमाव से निपटने के लिए कार्य योजना को पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

---

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष होंगे। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र प्रत्याशी के रुप में श्री मंडल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। आज नामांकन पत्र की जांच होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि भी आज ही है। यदि नामांकन सही पाया गया तो उन्नीस जून को विधिवत रूप से मंगनी लाल मंडल को प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। इस बीच, पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि मंगनी लाल मंडल की पहचान एक समाजवादी नेता के रूप में रही है और उनके नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

---

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, हम का राष्ट्रीय अधिवेशन आज बांका में आयोजित किया जा रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के लघु सिंचाई मंत्री संतोष सुमन की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। अधिवेशन का उद्घाटन हम पार्टी के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इस अधिवेशन में पार्टी की नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कमिटी घोषित की जायेगी।

---

प्रदेश के सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद का आज अंतिम दिन है। इस बार गेहूँ खरीद का लक्ष्य दो लाख मीट्रिक टन रखा गया था। इस दौरान पैक्सों और व्यापार मंडलों ने लगभग तीन हजार छह सौ पांच टन और एफसीआई ने चौदह हजार चार सौ अस्सी टन गेहूँ की खरीद की है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष चौरानवे प्रतिशत से अधिक गेहूँ की खरीद हुई है। औरंगाबाद में सबसे अधिक तीन सौ छियासठ टन से ज्याद गेहूँ की खरीद हुई है।

---

प्रदेश में उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही। गोपालगंज, सुपौल, फारबिसगंज, पूर्णिया और पटना में गर्म और आर्द्र दिवस की स्थिति रही। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज मौसम में बदलाव के आसार है। विभाग ने कहा है कि उत्तर और दक्षिण बिहार के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट—मौसम———

इधर, बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————

आज वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा को रोकने के प्रति जागरूकता बढ़ाकर बेहतर समझ को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने लोगों से बुजुर्गों के सम्मान और उनके नागरिक अधिकारों की रक्षा किये जाने का आह्वान किया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टोल—फ्री एल्डर हेल्पलाइन नंबर — एक चार पांच छह सात जारी किया गया है।

————————————————————————

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान दो नये मरीजों की पहचान की गयी है। पटना के सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि अब तक तेरासी संक्रमित मिले हैं। इनमें से अधिकतर स्वस्थ हो चुके हैं। इकतीस सक्रिय मरीज हैं। इधर, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए पटना सहित प्रदेश के सभी नगर निकाय क्षेत्रों में फॉगिंग और एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है।

————————————————————————

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

अररिया जिले के सिमराहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत फोरलेन के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन और मोटरसाईकिल की टक्कर में मोटरसाईकिल सवार तीन लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले में रामनगर थाना क्षेत्र के बड़ा बेलवा गांव में शॉर्ट सर्किट से तीन घरों में आग लग गई। अगलगी की घटना में लाखों रूपये का सामान जलकर नष्ट हो गया।

————————————————————————

शेखपुरा के पुलिस अधीक्षक बलराम कुमार चौधरी ने अरियरी थाना क्षेत्र के डायल सेवा एक सौ बारह के जमादार रामसुंदर मेहरा और सिपाही मिथुन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ड्यूटी में लापरवाही और अपने निर्धारित स्थल पर ड्यूटी के समय उपस्थित नहीं रहने को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

————————————————————————

वैशाली में आयोजित बिहार वीमेंस खो–खो लीग प्रतियोगिता में स्टार इंडिया और रेड रेंजर्स की टीम ने सेमीफाईनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, पूल बी से ब्लू ब्लेजर्स और गोल्डेन गर्ल्स की टीम ने सेमीफाईनल में प्रवेश किया।

देहरादून में आगामी अठारह जून से जूनियर नेशनल पीट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिहार टीम की घोषणा कर दी गयी है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– बिहार सरकार निवेशकों को कर रही प्रोत्साहित।

दैनिक जागरण ने नीट यूजी के परीक्षा परिणाम पर लिखा है– नीट यूजी में राजस्थान के महेश टॉपर, पटना की आशी लड़कियों में दूसरे स्थान पर।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– अहमदाबाद हादसे के बाद पटना एयर पोर्ट के विस्तार की कवायद। अखबार लिखता है– पटना एयर पोर्ट रनवे अब बारह हजार फीट लम्बा होगा।

प्रभात खबर ने बिहार पुलिस में फेरबदल की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– पटना के एसएसपी और तीनों सिटी एसपी बदले, पांच जिलों में नये एसपी।

आज अखबार का शीर्षक है– दक्षिण अफ्रीकाा ने धोया चोकर्स का टैग। ऑस्ट्रेलिया को रौंदकर टेस्ट के विश्व चैंपियन बने।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों की पहचान के लिए डीएनए मिलान प्रक्रिया जारी। उन्नीस डीएनए नमूनों का मिलान किया जा चुका है।

02. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार दस प्रतिशत वोटिंग बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

03. प्रदेश के सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद का आज अंतिम दिन।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना जतायी। इस दौरान आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।